खुले में शौच से आजादी सप्ताह दिनांक:- 09 से 15 अगस्त

संख्या- 55/2017/1612/33-3-2017-30/2017 टी.सी.

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,

अपर मुख्य सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

2- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

3- समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी, उ0प्र0।

पंचायतीराज अनुभाग-3 **लखनऊ दिनांक: 01 अगस्त, 2017**

विषय:-स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत 71वें गणतन्त्र दिवस को "खुले में शौच से आजादी" सप्ताह (दिनांक 09 अगस्त, 2017 से 15 अगस्त, 2017 तक) के रूप में मनाये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र संख्या-2/2/एस(डी.डब्लू.एस.)/17 दिनांक 11 जुलाई, 2017 (प्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करनें का कष्ट करें, जिसके द्वारा अपेक्षा की गयी है कि 71वें गणतन्त्र दिवस को "खुले में शौच से आजादी" सप्ताह (दिनांक 09 अगस्त, 2017 से 15 अगस्त, 2017 तक) के रूप में मनाया जाय। इस दौरान शौचालय निर्माण एवं निर्मित शौचालयों का प्रयोग सुनिश्चित कराते हुए प्रदेश के गांवों/विकास खण्डों एवं जनपदों को खुले में शौंच से मुक्त बनाये जाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाय। कार्यक्रम में स्वच्छाग्रहियों, महिलाओं, युवाओं, बच्चों को सम्मिलित करते हुए विभिन्न कार्यक्रम यथा रैली, प्रतियोगिताएं, मानव श्रृंखला बनाना इत्यादि के आयोजन के साथ-साथ स्वच्छता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाय। उक्त अवसर पर आयोजित किए जाने वाले मुख्य कार्यक्रमों/गतिविधियों का तिथिवार संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:-

http://shasnadeshup.nic.in

क्र0सं0	कार्यक्रम/गतिविधियाँ	दिनांक
1	समस्त जनपद मुख्यालयों पर दिनांक खुले में शौच से मुक्ति सप्ताह का शुभारम्भ। जिले के प्रभारी मंत्री/मा0 सांसद/मा0 विधायक/ जिलाधिकारी महोदय के द्वारा किया जायेगा।	09.08.2017
2	जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर होर्डिंग्स, पोस्टर, बैनर इत्यादि का अधिष्ठापन। District IEC Plan के अनुरूप व्यय किया जायेगा।	10.08.2017
3	सिनेमा घरों में स्लाइड शो।	11.08.2017
4	विद्यालयों में वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता।	12.08.2017
5	नुक्कड़ नाटकों का आयोजन	13.08.2017
6	विद्यालयों में स्वच्छता पर खेल कूद प्रतियोगिता।	14.08.2017
7	विकास खण्ड एवं जनपद स्तर पर वृहद कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाना। साथ ही विकास खण्ड वार सराहनीय कार्य करने वाले स्वच्छाग्रहियों को भी सम्मानित किया जाना।	15.08.2017

2- अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा की गयी अपेक्षा के अनुसार कृपया 71वें गणतंत्र दिवस को "खुले में शौच से आजादी" सप्ताह (दिनांक 09 अगस्त, 2017 से 15 अगस्त, 2017 तक) के रूप में मनाये जाने हेतु अपने जनपद में उपरोक्तानुसार कार्यक्रमों के आयोजन की व्यवस्था कराते हुए उसे सफल बनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

कार्यक्रम आयोजन के पश्चात् एक संक्षिप्त रिपोर्ट (फोटोग्राफ सहित) राज्य स्वच्छता मिशन कार्यालय, उ0प्र0 को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित भी किया जाय।

संलग्नक:-यथोक्त

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
अपर मुख्य सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in

<u>संख्या व दिनांक:- तदैव।</u>

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. **सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।**
2. **समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।**
3. **निदेशक, पंचायतीराज/ मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), उ0प्र0।**
4. **समस्त उप निदेशक (पं0)/अपर मुख्य अधिकारी, उ0प्र0।**
5. **गार्ड फाइल।**

आज्ञा से,

(जोगेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव।

http://shasnadeshup.nic.in